उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

संख्याः– यू.सी.एस.एण्ड.टी./कम्यूनिटि रेडियो/2024–25/26829
दिनांक :11 दिसम्बर, 2024

# निविदा सूचना

महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा परिषद में स्थापित कम्यूनिटी रेडिया स्टेशन में स्टूडियो मैनेजमेंट, फोटोग्राफिक एवं ऐडिटिंग असिस्टेंस, रील्स प्रोडक्शन एवं सोशल मीडिया मैनेजमेंट आदि की सेवायें प्रदान करने हेतु मासिक दर आधार पर दिनांक 22 दिसम्बर, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन प्रस्ताव भेजने वाली एजेन्सीज के प्रतिनिधियों के सम्मुख अपराह्न में 03:00 बजे खोली जायेंगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत निविदा सूचना परिषद की वेबसाईट www.ucost.uk.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को प्राप्त किसी भी अथवा समस्त प्रस्तावों को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रभारी–प्रशासन

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

संख्याः– यू.सी.एस.एण्ड.टी. / कम्यूनिटि रेडियो / 2024–25 / 26829
दिनांक : 11 दिसम्बर, 2024

# निविदा सूचना

महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा यूकॉस्ट परिसर में नव–स्थापित कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन में अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त एजेन्सीज से मासिक आधार पर निम्न सेवायें उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 22.12.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

क) स्टूडियो मैनेजमेंट **(Studio Management)**

- पूर्ण रूप से सुसज्जित स्टूडियों की स्थापना और रख–रखाव।
  (Setup and maintenance of fully equipped studio)
- शूटिंग शेड्यूल्स, संसाधनों और लॉजिस्टक्स का समन्वय।
  (Coordination of shooting schedules, resources and logistics)
- स्टूडियो उत्पादन के तकनीकी और गैर तकनीकी पहलुओं का प्रबन्धन।
  (Management of technical and non-technical aspects of studio production)

ख) वीडियो ऐडिटिंग सर्विसेज **(Video Editing Services)**

- रंग सुधार, ध्वनि मिश्रण और वीडिया संवर्द्धन सहित व्यापक वीडियो संपादन।
  (Comprehensive video editing, including colour correction, sound mixing and video enhancement)
- आवश्यकताओं के अनुसार उपशीर्षकों, ग्राफिक्स और ऐनिमेशन का एकीकरण।
  (Integration of subtitles, graphics and animations as per the requirement)
- वेब और सोशल मीडिया प्रकाशन के लिये उपयुक्त विभिन्न प्रारूपों में संपादित वीडियो का प्रावधान।
  (Provision of edited videos in various formats suitable for web and social media publishing)

ग) रील्स का उत्पादन
(Reels Production)

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिये तैयार लघु रूप वीडियो सामग्री (रीलों) का रचनात्मक उत्पादन।
  (Creative Production of short form video content (reels) tailored for social media platforms)
- यूकॉस्ट की गतिविधियों, घटनाओं और पहलों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिये आकर्षक वीडियो रीलों की स्क्रिप्टिंग, शूटिंग और सम्पादन।
  (Scripting, shooting and editing of engaging video reels to effectively convey UCOST's activities, events and initiatives.)

घ) सोशल मीडिया प्रबन्धन
(Social Media Management)

- सामग्री लेखन, डिजाइन और वीडियो एकीकरण सहित सोशल मीडिया पोस्ट निर्माण और शूड्यूलिंग। (Creation and scheduling of social media posts including content writing design and video integration)
- टिप्पणियों, संदेशों और जुड़ाव विश्लेषण के माध्यम से दर्शकों के साथ नियमित एकीकरण। (Regular integration with the audience through comments, messages and engagement analytics)
- प्रभाव और पहुँच को मापने के लिये प्रदर्शन मेट्रिक्स की निगरानी और रिपोर्टिंग। (Monitoring and reporting of performance metrics to measure impact and reach)

उक्त सेवायें उपलब्ध कराने हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ऐजेन्सीज से निम्नवर्णित नियमों और शर्तों (terms & condition) और मासिक भुगतान आधार पर मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैः–

1. इच्छुक निविदादाता/सेवादाता द्वारा वांछित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु पूर्व अनुभव होना आवश्यक है। कृपया निविदा के साथ प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें।

2. निविदादाता को जारी जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ भेजी जाय। यदि निविदादाता को जी.एस.टी. पंजीकरण से छूट प्राप्त है तो समर्थक दस्तावेज (supporting document) की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न की जाय। ऐसा न करने पर निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

3. निविदा के साथ रू. 10000 (रूपये दस हजार मात्र) की बयाना राशि (**Earnest Money Deposit**) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में निविदा के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। बिना बयाना राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

4. निविदादाता द्वारा अपनी निविदा मे वांछित सेवाओं हेतु प्रस्तावित मानवशक्ति और दरों का विवरण और देय कुल मासिक चार्जेज का विवरण एक तालिका के रूप में दिया जाना चाहिये। इसके अतिरिक्त निविदा में निविदाता को देय सेवा शुल्क (services charges) जी.एस.टी. या अन्य देय चार्जिज का स्पष्ट विवरण व देय अन्य करों/चार्जेज का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। ऐसा न होने पर प्रस्तुत दरों को सभी चार्जेज या करों सहित माना जायेगा और परिषद बाद में इस सम्बन्ध में किसी भी संशोधन को स्वीकार नहीं करेगा।

5. सफल निविदादाता को वांछित सेवायें विज्ञान धाम, झाझरा (वाया–प्रेमनगर, देहरादून–248015) स्थित यूकॉस्ट कार्यालय परिसर में करनी होगी, जिसके लिये निवेदित दरों के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नहीं होगा। दरें तदानुसार निवेदित की जायें।

6. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत अपनी निविदा पर निविदादाता के हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षर के नीचे मोहर लगायी जाय। निविदा को सीलबन्द लिफाफे में, जिस पर मोटे अक्षरों में **''कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन में सेवाओं हेतु दिनांक 22.12.2024 को खुलने वाली निविदा''** लिखा हो, में रखकर अधिमानतः (preferably) रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय।

7. निविदादाताओं द्वारा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजी गयी निविदायें दिनॉक 22–12–2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक यूकॉस्ट कार्यालय में पहुँच जानी चाहियें। प्राप्त निविदाओं को उसी

दिन अपराह्न में 15:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी कारणवश उस दिन यूकॉस्ट में अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्यदिवस को अपराह्न में 15:00 बजे खोली जायेंगी।

8. **देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं (late or delayed tenders)** पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिश्चित करें।

9. सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू.20,000/—(रूपये बीस हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 01 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (Term Deposit Receipt) के रूप में जमा करनी होगी।सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक, यूकॉस्ट को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

10. सफल निविदादाता के किसी भी कार्मिक की उपस्थिति, व्यवहार या कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर सफल निविदादाता को उसे बदलना होगा। निविदादाता की सेवायें, संतोषजनक न पाये जाने पर या जारी कार्य आदेश की किसी भी शर्त का पालन न करने पर परिषद को जारी कार्य आदेश को शेष अवधि के लिये निरस्त करने और धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार होगा।

11. महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रभारी—प्रशासन**